उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण अनुभाग-3
संख्या- 102/2026/288/26-3-2026-2078045
लखनऊः दिनांकः 13 अगस्त, 2026

शुद्धि-पत्र

निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-1365/स0क0/विकास/सा0वि0के0/2026-27 दिनांक 24.07.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजना के अन्तर्गत सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-56/2026/1893/26-3-2026-2025191 दिनांक 30-03-2026 की तालिका- 2 में क्रमांक 2 पर अंकित जनपद- कानपुर नगर के स्थान पर जनपद- कानपुर देहात करने के सम्बन्ध में संशोधित आदेश कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-6324/स0क0/विकास/सा0वि0के0/कार्य योजना/ 2025-26 दिनांक 18.03.2026 एवं पत्र संख्या-5394/स0क0/विकास/सा0वि0के0/कार्य योजना/ 2025-26 दिनांक 10.02.2026 के माध्यम से जनपद-कानपुर नगर के ग्राम-भवनपुर में सामुदायिक विकास केन्द्र के निर्माण हेतु धनराशि रू0-65.00 लाख की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में शासनादेश दिनांक 30.03.2026 द्वारा उक्त निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको को नामित करते हुए आगणित लागत की धनराशि रू0-65.00 लाख के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि रू0-65.00 लाख (रूपये पैंसठ लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3- उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत शासनादेश की तालिका- 2 में क्रमांक 2 पर अंकित जनपद कानपुर नगर के ग्राम -भवनपुर में सामुदायिक विकास केन्द्र के निर्माण हेतु धनराशि रू0 65.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त ग्राम- भवनपुर जनपद- कानपुर देहात में स्थित है।

4- अतः समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-56/2026/1893/26-3-2026-2025191 दिनांक 30-03-2026 के माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजना के अन्तर्गत सामुदायिक विकास केन्द्रों के निर्माण हेतु निर्गत उक्त शासनादेश की तालिका- 2 के क्रमांक-2 पर अंकित जनपद- कानपुर नगर के स्थान पर जनपद- कानपुर देहात संशोधित किया जाता है।

शासनादेश संख्या-56/2026/1893/26-3-2026-2025191 दिनांक 30-03-2026 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए तथा अन्य शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

Digitally signed by
PRAVEEN MISHRA
Date: 13-08-2026
14:16:28

(प्रवीण मिश्र)
विशेष सचिव।

पृ0 संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
2-महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज ।
3-महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज ।
4-निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- जिलाधिकारी, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात।
7-जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0 शासन।
9- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
10- प्रबंध निदेशक, यू0पी0सिडको, लखनऊ।
11-निदेशक एन0आई0सी0, लखनऊ।
12-गार्डफाइल

(प्रवीण मिश्र)
विशेष सचिव।